Ahmedabad Chapter

**आईएमएसए 13 वें प्रो. सतीश धवन व्याख्यान की झलकियाँ**

30 सितंबर, 2024 को अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, इसरो, अहमदाबाद के यशपाल ऑडियोरियम में आईएमएसए प्रो.सतीश धवन व्याख्यान भारतीय मौसमविज्ञान-अहमदाबाद चैप्टर (आईएमएसए) द्वारा 13 वें प्रो.सतीश धवन व्याख्यान का आयोजन किया गया । 'साइक्लॉन मैन ऑफ इंडिया' के नाम से प्रख्यात डॉ. मत्युंजय महापात्रा, महा निदेशक, भारतीय मौसमविज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा यह प्रतिष्ठित व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। व्याख्यान का विषय "मौसम पूर्वानुमान में वर्तमान उन्नत और भविष्य की योजनाएं" था। आईएमएसए को श्री निलेश एम देसाई, निदेशक, सैक; डॉ. रश्मि शर्मा, उप निदेशक एप्सा/सैक और सैक के एसएमसी सदस्यों के साथ-साथ सैक/इसरो के विभिन्न वैज्ञानिकों/अभियंताओं और आईएमएसए सदस्यों से अपार सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की शुरुवात द्वीप प्रज्वलन से की गईं और प्रो. सतीश धवन को याद करते हुए महानुभावों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई, तत्पश्चात् श्री पार्थो घोष वैज्ञानिक, सैक द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की गईं। डॉ. डी. राम रजक, अध्यक्ष, आईएमएसए ने स्वागत उद्बोधन दिया और प्रो. सतीश धवन व्याख्यान की विकासात्मक श्रृंखला साझा की। इसके बाद श्री निलेश एम देसाई ने प्रारंभिक उद्बोधन प्रस्तुत किया और डॉ. रश्मि शर्मा द्वारा अतिथि परिचय प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 250 व्यक्तियों ने भाग लिया और डॉ सुचंद्रा ए. भौमिक, सचिव-आईएमएसए ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। सैक में व्याख्यान आयोजित करने के लिए हम आईएमएसए के डॉ. अरुण सुरीसेटी और डॉ. इंद्रानी चौधरी सिंह के साथ ही सभी आईएमएसए सदस्यों का भी धन्यवाद व्यक्त करते हैं।


इसरो isro


IMS




Mrutyunjay Mohapatra


ADVANCES IN WEATHER FORECASTING AND




PLANS